नारायणगढ़, 24 अप्रैल (नारायणगढ़ की आवाज ) राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ के एनसीसी कैडेट्स ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित ऑब्स्टेकल कोर्स में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेट्स में शारीरिक दक्षता, साहस, टीमवर्क तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। कैडेट्स ने विभिन्न बाधाओं जैसे दीवार चढ़ाई, रस्सी पार करना, बैलेंस बीम आदि को सफलतापूर्वक पार कर अपनी प्रतिभा और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य रोहित कुमार ने कैडेट्स की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कैडेट्स को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

एनसीसी के एएनओ डॉ सतीश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के ऑब्स्टेकल कोर्स से कैडेट्स में आत्मविश्वास, सहनशक्ति एवं कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कैडेट्स की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।